समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Thursday, 24 September 2026

# कितना पढ़े-लिखे है विराट कोहली ? 10वीं मे आए थे इतने नंबर्स; जाने किस स्कूल से की है पढ़ाई।

Publisher

Published on 12 May 2025



## विराट कोहली ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया है. दुनिया के बेहतरीन बल्लेबाजों मे से एक कोहली कितने पढ़े-लिखे है. यहां जानिए.

विराट कोहली ने सोमवार को टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेकर सभी को हैरान कर दिया है. कोहली के संन्यास लेने के बाद से सभी क्रिकेट फैंस निराश हैं. भारतीय दिग्गज बल्लेबाज के एजुकेशन की बात करें तो कोहली सिर्फ 12वीं तक पढ़े हैं.

कोहली ने अपनी स्कूली एजुकेशन दिल्ली के विशाल भारती स्कूल से की है. वहीं कोहली ने 9वीं से लेकर 12वीं तक की पढ़ाई सेवियर कॉन्वेंट स्कूल से की. कोहली ने क्रिकेट पर फोकस करने के लिए 12वीं के बाद पढ़ाई छोड़ दी.

बात करें कोहली के 10वीं के नंबर की तो मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक उनके 80 प्रतिशत से ज्यादा आए थे. कोहली के इंग्लिश में 83, हिंदी में 75, मैथ में 51, साइंस में 55 और सोशल साइंस में 81 और आई टी में 74 नंबर आए थे.

कोहली पढ़ाई में काफी अच्छे थे. लेकिन कम उम्र में क्रिकेट में सफलता पाने के बाद उन्होंने पढ़ाई छोड़ दी. कोहली भारतीय अंडर-19 क्रिकेट टीम के कप्तान बन गए. इसके बाद उनकी कप्तानी में भारत ने अंडर-19 वर्ल्ड कप भी जीत लिया.

कोहली ने इसके बाद पीछे मुड़कर नहीं देखा. आज कोहली दुनिया के सबसे बेहतरीन खिलाड़ियों में से एक हैं. कोहली ने वनडे, टेस्ट या टी20 हो, तीनों फॉर्मेट में भारत के लिए शानदार प्रदर्शन किया है.

कोहली पिछले साल टी20 वर्ल्ड कप जीतने के बाद टी20 इंटरनेशनल से संन्यास ले लिया था. अब कोहली ने 14 साल के लंबे

टेस्ट करियर के बाद इस फॉर्मेट को भी अलविदा कह दिया है. कोहली अब सिर्फ वनडे क्रिकेट खेलते हुए नजर आएंगे.

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.